सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२७

कक्षा:चार

विषय:हिंदी व्याकरण: विशेषण

विशेषण

परिभाषा: जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, विशेषण कहलाते हैं।

विशेषण के भेद:- विशेषण के चार भेद होते हैं-

१. गुणवाचक विशेषण
२. संख्यावाचक विशेषण
३. परिमाणवाचक विशेषण
४. सार्वनामिक विशेषण

१. गुणवाचक विशेषण:

जैसे:- क) रमन के पास काला छाता है।

ख) बूढ़ा आदमी सड़क पार कर रहा है।

२. संख्यावाचक विशेषण:-

जैसे:-क) मेरी कक्षा में तीस विद्यार्थी हैं।

ख) मेरे पास <u>कई</u> पुस्तकें हैं।

३. <u>परिमाणवाचक विशेषण</u>:-

जैसे:- क) मुझे बाज़ार से <u>तीन लीटर</u> दूध लाना है।

ख) मुझे <u>छह मीटर</u> कपड़ा दे दीजिए|

४. <u>सार्वनामिक विशेषण</u>:-

जैसे:- क) <u>यह</u> घर मोहन का है।

ख) <u>उस</u> गेंद को उठाकर लाओ।

अभ्यास १

निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए ।

१. मुझे थोड़ी चीनी चाहिए।

भेद: परिमाणवाचक विशेषण

२. बाग में रंग बिरंगी तितलियाँ उड़ रही थीं।

भेद: गुणवाचक विशेषण

३. कार्तिक एक ईमानदार लड़का है।

भेद: गुणवाचक विशेषण

४. राम के पास दो साइकिल हैं।

भेद: संख्यावाचक विशेषण

५. उस घर में मेरा दोस्त रहता है।

६. भेद: सार्वनामिक विशेषण

७. गमले में कुछ ही फूल लगे हैं।

भेद: संख्यावाचक विशेषण

८. दीदी ने आज दो लीटर दूध की खीर बनाई।

भेद: परिमाणवाचक विशेषण

९. वह पुस्तक किसकी है?

भेद: सार्वनामिक विशेषण

१०. घनश्याम अब बूढ़ा हो गया है।

भेद: गुणवाचक विशेषण

११. मोहन ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

भेद : संख्यावाचक विशेषण

अभ्यास २

निम्नलिखित वाक्यों में आगे कोष्ठक में दिए गए भेद के अनुसार विशेषण शब्द को रेखांकित कीजिए।

१. परिश्रमी छात्र सबको अच्छा लगता है। (गुणवाचक विशेषण)

२. मेरी कमीज दो मीटर कपड़े में बनती है। (परिमाणवाचक विशेषण)

३. बाहर कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं। (संख्यावाचक विशेषण)

४. यह घर मेरी नानी का है। (सार्वनामिक विशेषण)

५. कुछ लोग आज भी अशिक्षित हैं। (संख्यावाचक विशेषण)

६. माँ ने श्याम को चार कॉपियाँ दी। (संख्यावाचक विशेषण)

७. मैंने कार में तीन लीटर पेट्रोल भरवाया। (परिमाणवाचक विशेषण)

८. तरुण हलवाई से एक किलो जलेबी लाया । (परिमाणवाचक विशेषण

९. वह लड़की सबसे अच्छा नृत्य करती है। (सार्वनामिक विशेषण)

१०.मुझे लाल कमल पसंद है । (गुणवाचक विशेषण)